खण्ड III

1. दिए गए पद्यांशों में से किन्हीं **दो** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **2×8=16**

(क) राजा रुके साँस लंबी लेकर फिर बोले :

'मेरे हार गए सब जाने-माने कलावंत,
सबकी विद्या हो गई अकारथ, दर्प चूर,
कोई ज्ञानी गुणी आज तक इसे न साध सका।
अब यह असाध्य वीणा ही ख्यात हो गई।
पर मेरा अब भी है विश्वास
कृच्छ्र-तप वज्रकीर्ति का व्यर्थ नहीं था ।
वीणा बोलेगी अवश्य, पर तभी
इसे जब सच्चा-स्वरसिद्ध गोद में लेगा ।

(ख) उसे
बटुली में बहुत दिनों के बाद अन्न की
सोंधी खुदबुद ।
किसी एक को नई वधू की सहमी-सी पायल
ध्वनि ।

No. of Printed Pages : 06 Roll No. .....

51693

M.A. Hindi EXAMINATION, 2026

(Fourth Semester)

(Re-appear Only)

स्वातन्त्र्योत्तर हिंदी काव्य

Time : 3 *Hours*] [*Maximum Marks :* 80

Before answering the question-paper, candidates must ensure that they have been supplied with correct and complete question-paper. No complaint, in this regard will be entertained after the examination.

नोट : सभी खण्डों से निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

खण्ड I

नोट : खण्ड I और II में से कम से कम एक प्रश्न का चयन करते हुए कुल **तीन** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **3×16=48**

इकाई I

1. 'चूड़ी का टुकड़ा' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । **16**

2. 'कविता की मौत' कविता में सामाजिक यथार्थ का गहरा चित्रण हुआ है, प्रकाश डालिए । **16**

3. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । **16**

इकाई II

4. 'गुलाबी चूड़ियाँ' कविता की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए । **16**

5. 'दीपदान' कविता भारतीय ग्रामीण जीवन एवं संस्कृति का चित्रण प्रस्तुत करती है, स्पष्ट कीजिए ।

6. सुदामा पांडेय 'धूमिल' के काव्य में विद्रोह एवं व्यंग्य का स्वर दिखाई देता है, उदाहरण सहित समझाइए । **16**

खण्ड II

नोट : दिए गए छः प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए । **4×4=16**

1. 'टूटा पहिया' कविता मानवीय मूल्यों एवं साहस पर आधारित है, स्पष्ट कीजिए ।

2. 'इतिहास सेतु' कविता के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।

3. 'मैंने कब कहा' कविता के शिल्प पर टिप्पणी कीजिए ।

4. 'अपने खेत में' कविता के भाव पक्ष पर विचार कीजिए ।

5. 'बनारस' कविता में 'खाली कटोरों में बसंत का उतरना' से क्या अभिप्राय है ।

6. 'दे दिया जाता हूँ' कविता की विशेषताएं स्पष्ट कीजिए ।

किसी दूसरे को शिशु की किलकारी ।

एक किसी को जाल-फँसी मछली की तड़पन-

एक अपर को चहक मुक्त नभ में उड़ती

चिड़िया की ।

एक तीसरे को मंडी की ठेलमठेल, गाहकों की

आस्पर्धा भरी बोलियाँ,

चौथे को मंदिर की ताल-युक्त घंटा-ध्वनि !

(ग) वह रहस्यमय व्यक्ति

अब तक न पाई गई मेरी अभिव्यक्ति है,

पूर्ण अवस्था वह

निज-संभावनाओं, निहित प्रभावों, प्रतिभाओं की,

मेरे परिपूर्ण का आविर्भाव,

हृदय में रिस रहे ज्ञान का तनाव वह,

आत्मा की प्रतिभा ।

(घ) यहाँ ये दीखते हैं भूत-पिशाच-काय ।

भीतर का राक्षसी स्वार्थ अब

साफ उभर आया है,

छिपे हुए उद्देश्य

यहाँ निखर आए हैं,

यह शोभा-यात्रा है किसी मृत-दल की ।

विचारों की फिरकी सिर में घूमती है ।

❖❖❖❖❖❖❖